







# पहली बारिश में गिरे निर्माणाधीन भवन के पिलर, गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अगस्त, देवतालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद नईगढ़ी में निर्माणाधीन भवन की बाउंड्रीवाल के करीब छह पिलर पहली बारिश में गिरने का मामला सामने आने के बाद निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं.**

बताया जा रहा है कि संबंधित निर्माण कार्य की लागत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है. हालांकि वास्तविक स्वीकृत राशि और निर्माण एजेंसी से संबंधित अभिलेखों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है. घटना के बाद स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि यदि निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप किया गया था तो निर्माण पूरा होने से पहले ही पिलर कैसे गिर गए. मामले में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी स्वीकृति, मूल्यांकन, भुगतान और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग उठी है. अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में घटिया निर्माण की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं. उन्होंने ग्राम पंचायत खटखरी में पानी की टंकी गिरने तथा जोरौट हायर सेकेंडरी स्कूल के अतिरिक्त कक्ष के हैंडओवर से पहले क्षतिग्रस्त/ गिरने के मामलों का उल्लेख किया. तिवारी ने दावा किया कि भरिगवां क्षेत्र की कुछ इमारतों, जिल्हाड़ी स्कूल भवन, ग्राम पंचायत करह के हाट बाजार तथा सीएफटी भवनों सहित कई शासकीय निर्माणों की स्थिति को लेकर भी शिकायतें की गई हैं. इन दावों की स्वतंत्र प्रशासनिक जांच की मांग की गई है.

**राजनीतिक संरक्षण के लगाए आरोप**-कुंज बिहारी तिवारी ने मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से दोषियों का मनोबल बढ़ रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध प्रकरण दर्ज होने से भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले लोग हतोत्साहित होते हैं. तिवारी ने देवतालाब क्षेत्र में राजनीतिक संरक्षण का भी आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि इन आरोपों और निर्माण कार्यों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए. उन्होंने नगर परिषद नईगढ़ी में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता होने का आरोप लगाते हुए कहा कि दस्तावेजों के साथ जल्द ही आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत की जाएगी.

## सिर्फ भवन नहीं, दूसरे विकास कार्यों की भी हो जांच

श्री तिवारी ने कहा कि मामला केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है. उन्होंने पीसीसी सड़क, अन्य सड़क निर्माण, खेत तालाब, वृक्षारोपण, खेल मैदान और चारागाह सहित विभिन्न विकास कार्यो का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है. उनका आरोप है कि कई कार्यों के संबंध में शिकायतें और दस्तावेज देने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई.

# लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करे : संजय

## जन-विश्वास अभियान के आवेदनों का समाधानकारक निराकरण करें, लापरवाही पर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 17 अगस्त, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, फार्मर रजिस्ट्री तथा वर्षाकाल में जलभराव की स्थिति वाले क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की.**



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से सीधे जुड़े राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर भी विशेष जोर दिया गया. कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर अभियान चलाकर शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं. कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग शासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है. नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित राजस्व से जुड़े प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए. अधिकारी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें. कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्राप्त शत-प्रतिशत आवेदनों का समाधान सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप अभियान के माध्यम से शासन को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है. अधिकारी प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण करें. वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित होती है, वहां मैदानी निरीक्षण करें. अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लें तथा आवश्यकता के अनुसार आमजन के लिए आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों में आवागमन, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए.

## अटल जी की मनाई गई पुण्यतिथि

चाकघाट, 17 अगस्त, चाकघाट व्यापार मंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित परम श्रद्धेय जन-जन के हृदय में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि पर व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे.

# नगर परिषद चाकघाट में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 17 अगस्त, स्थानीय नगर परिषद कार्यालय में स्वाधीनता दिवस हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी अत्यंत ही हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया.**

साथ ही हर घर तिरंगा की भी धूम पूरे नगर में देखी गई. परिषद कार्यालय में ध्वजारोहण अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल के द्वारा किया गया. इस अवसर पर परिषद के सभी पार्षद गण एवं पदाधिकारी व कर्मचारी साथ ही सीएमओ शंकर पांडे की अतिरिक्त नगर के अनेकों गणमान्य लोगों की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही. भारी वर्षा के बावजूद भी कार्यक्रम में कोई कमी नहीं देखी गई. इसी तरह स्थानीय नेहरू स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का समारोह उल्लास पूर्वक मनाया गया. संस्था के प्राचार्य डॉ गौहर हसन ने ध्वजारोहण किया. वक्ताओं के द्वारा इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए गए. महाविद्यालय प्रांगण में संस्था के प्राचार्य डॉ गौहर हसन ने वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी देते हुए

# बरहटा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 17 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस पूरे देश में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. उसी कड़ी में सरपंच ग्राम पंचायत बरहटा के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई.**

जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सहित गांव के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे पूरे गांव में इंकलाब जिंदाबाद भारत माता की जय करते हुए टोली आगे बढ़ती रही अंत में भारत रत्न माला सभागार मे प्रभात फेरी का समापन हुआ. तत्पश्चात सरपंच ममता सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी के बाद सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक दीनानाथ मिश्र रहे. वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच ममता सिंह ने किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन संरक्षक भारत रत्न माला सभागार बरहटा समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र ने किया.

कुसुम तिवारी ने स्वागत गीत एवं देश भक्ति गीत से उपस्थित जनों को शरा बोर कर दिया कार्यक्रम मे उमेश चतुर्वेदी राजेंद्र गुप्ता हरिवंश कोल ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने कहा कि आजादी ऐसे ही नहीं मिली है कितने देश भक्तों ने अपने खून बहा हैं तब जाकर हम लोग अमन चयन की जिंदगी जी रहे हैं इसलिए उन महापुरुषों को सादर नमन करते हैं जिनकी बदौलत आज हम आजाद हुए हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ममता से ने कहा कि आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमारे गांव की इतनी भारी तादाद में जनता उपस्थित हुई.



लोकतंत्र सेनानी वैद्य सरयू प्रसाद को किया गया सम्मानित

# डेयरी प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 17 अगस्त, जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है.**

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मऊगंज स्थित विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार तिवारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा सिंह डेयरी, ठाकुर डेयरी, मिश्रा डेयरी सहित अन्य डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान दूध, पनीर, खोवा एवं देशी घी की गुणवत्ता पर संदेह होने पर खाद्य पदार्थों के कुल 10 नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत जप्त किए गए. इन नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा. खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि प्रयोगशाला की जांच में यदि नमूने अमानक अथवा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर चालानी कार्रवाई की जाएगी. गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्राथमिकता खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दूध तथा दूध से बने खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

# लोकतंत्र सेनानी वैद्य सरयू प्रसाद का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 17 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठना भाजपा नेता प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य को सम्मानित किया गया.**

उनके आवास श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय सीधी रोड हनुमना में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप पटेल तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला जिला उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा एवं महामंत्री राधा कोल, तथा नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता आदि की उपस्थिति में मध्य प्रदेश शासन के प्रतिनिधि के रूप में एसडीम राजेश मेहता ने नायब तहसीलदार सत्य सागर पांडे राजस्व निरीक्षक दिलीप पनिका आदि प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचकर तिलक लगा साल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर खिले हुए कमल पुष्प समर्पित कर उनके सुखी स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि वैद्य जी ने राष्ट्र व समाज की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है.

अनेक बार जेल यात्राएं भी सही यही कारण है कि आज मध्य प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में प्रत्येक गणतंत्र दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आपका सम्मान किया जाता है उसी कड़ी में आज पूरे प्रशासनिक अमले के साथ वैद्य जी जैसी विभूति का सम्मान करने आया हूं. वैद्य जी आज 94 वर्ष की अवस्था में भी अपने श्रेष्ठतम नाड़ी ज्ञान और उत्कृष्ट आयुर्वेद चिकित्सा से देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिए हैं जैसा कि यहां के लोगों के माध्यम से मुझे ज्ञात हुआ है मैं भी शासन से मांग करता हूं कि ऐसे व्यक्तित्व को प्रदेश व केंद्र सरकार से भी विशेष सम्मान से सम्मानित किया जाए तो अच्छा होगा.

नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक तथा अन्य उपस्थित लोगों ने भी वैद्य जी को साल ओढ़ाकर उनके सुखी स्वस्थ एवं दरगाह की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर उपस्थित श्रीवैद्य की धर्मपत्नी श्रीमती धीरज कुमारी को भी एसडीम श्री मेहता ने शाल उड़ाकर उनके भी सुखी स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया.

# सम्पति दास गुप्त के मुख्य आतिथ्य में सेठ बिहारी लाल सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 17 अगस्त, स्थानीय सेठ बिहारी लाल संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा वरिष्ठ समाजसेवी संपति दासगुप्त के मुख्य आतिथ्य आतिथि एवं सेठ विनोद कुमार गुप्त की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एन एक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ.**




इस अवसर पर जहां प्राथमिक विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण सेठ विनोद कुमार ने किया वही हायर सेकेंडरी परिसर में प्राचार्य अर्जुन प्रसाद उपाध्याय ने ध्वजारोहणकर सलामी दी. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं ध्वज पूजन के साथ वंदे मातरम गायन से किया गया सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ किया गया. इसके पश्चात स्वागत जीत की प्रस्तुति रुचि पांडे तनुजा मिश्रा ने 'सजा दो आज प्रांगण को मेरे अतिथि जी आए हैं' के साथ हुआ. इसके साथ ही श्रेया पाठक शकुंतला मिश्रा लक्ष्मी कॉल प्रिया शुक्ला स्नेहा त्रिपाठी आराधना पटेल संध्या साकेत रिंकी केवट पंकज सिंह सूर्यांश सचिन आदर्श नीलम तन्मय पंकज सिंह सीता पटेल स्नेहा त्रिपाठी मानसी कात्यायनी दुर्गा पटेल रिया तिवारी रूबी साकेत आलिया बानो ऋषि विश्वकर्मा छात्र नेता विवेक त्रिपाठी गीतांजलि साहू शिवानी पूजा साकेत कुंडली रोशनी पटेल मानसी पटेल आदि छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को दोपहर 12:30 बजे तक मंत्र मुक्त किए रखा रखा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गुप्त ने महान राष्ट्रभक्त तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जन्मजात राष्ट्रभक्ति होने का उल्लेख करते हुए कहा कि जब यह कक्षा तीन में पढ़ते थे उसे समय रानी विक्टोरिया के जन्मदिन पर बांटी गई मिठाई को उन्होंने ले जाकर कूड़ेदान में फेंक दिया था पूछने पर कहा कि यह मिठाई मेरे लिए किसी जहर से कम नहीं या मेरे देश के दुश्मन के जन्मदिन की खुशी पर दी गई मिठाई है मुझे किसी भी प्रकार की खुशी नहीं मुझे आतीव कष्ट है. श्री गुप्त ने छात्र-छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी आज यहां केवल मिठाई खाने और खुशियां मनाने नहीं आए हैं बल्कि आज प्रत्येक छात्र-छात्राओं को तथा उपस्थित समस्त जनमानस को डॉक्टर हेडगेवार जी के जीवन से प्रेरणा लेकर यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि जिएंगे तो देश के लिए मरेंगे तो देश के लिए. अतः आवश्यकता है कि हम संकल्प लेकर के जाये की ऐसी देशविरोधी ताकतो के मनसूबो को कभी साकार नहीं होने देंगे. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि अवकाश प्राप्त व्याख्याता सरस्वती प्रसाद पांडे मौजूद रहे.

**तहसील कार्यालय में फहराया तिरंगा**-तहसील कार्यालय हनुमना में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजेश मेहता ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर तहसीलदार शिवम गौतम, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राम रक्षा शुक्ला, नायब तहसीलदार सत्य सागर पांडे, राघवेंद्र सिंह, बुद्धसेन मांझी, अधिवक्ता भवानी शंकर द्विवेदी, देवेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे.

## चाकघाट में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का उत्सव



चाकघाट, 17 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में नगर के अनेक संस्थानों में ध्वजारोहण का कार्य संपन्न हुआ. नगर परिषद कार्यालय चाकघाट में नगर परिषद के अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल ने ध्वजारोहण किया. आयोजित समारोह की अध्यक्षता मुख्य नगर पालिका अधिकारी शंखधर पांडे ने की. इस अवसर पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सतीश केशरवानी, पार्षद सुनील मांझी, डॉ रोहित तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष अजय केसरवानी, आदि ने अपने विचार रखें. कार्यक्रम का संचालन पत्रकार राम लखन गुप्ता द्वारा किया गया. कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, सेंट मैरीज हायर सेकेंडरी स्कूल आदि संस्थाओं में ध्वज फहरा गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल में संस्था प्रधान प्रशांत पाठक ने ध्वजारोहण किया. नेहरू स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर गौहर हसन ने ध्वज फहराया तथा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया. पुलिस थाना चाकघाट, पत्रकार निवास, गुलाब कली मेमोरियल कॉलेज, वन विभाग एवं अन्य कई संस्थाओं ने तिरंगा ध्वज फहराकर देश के लिए बलिदान होने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. नगर के विभिन्न विद्यालयों मैं अध्यनरत विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा ध्वज लेकर प्रभात फेरी निकाली गई.

## देवतालाब में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



देवतालाब, 17 अगस्त, देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देवतालाब क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया. विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी.देवभूमि एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 :30 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई. विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविताएं, भाषण एवं नाट्य प्रस्तुतियां देकर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद किया. प्राचार्य उपेन्द्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व, अनुशासन, शिक्षा, ईमानदारी और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया. वरिष्ठ शिक्षक सूर्यप्रताप तिवारी ने कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया, वहीं शिक्षिका आशा ने गीतों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया. मंच व्यवस्था एवं समन्वय अवधेश शर्मा, एस.एन. तिवारी एवं उनकी टीम ने संभाला. वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया. महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रगान हुआ और विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया. गार्वी पब्लिक स्कूल एवं कंप्यूटर कॉलेज में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया. मुख्य अतिथि समाजसेवी अधिवक्ता हीरालाल पटेल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नारायण दास गुप्ता, युवा समाजसेवी विक्रम सिंह पटेल, शांति देवी गुप्ता, प्राची गौरव गुप्ता, जगदीश विश्वकर्मा, मिट्ठू लाल शुक्ला सहित अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया. छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और वीर शहीदों के जीवन पर भाषण प्रस्तुत किए. संस्था संचालक गौरव गुप्ता ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के साथ समाज को मोबाइल की लत, नशे और विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से भी आजाद कराने की जरूरत है. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को पर्याप्त समय देने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करने की अपील की. कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज कुशवाहा ने किया. अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. इसी क्रम में गंगा मेमोरियल स्कूल देवतालाब में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशील शुक्ला रहे. संस्था संचालक प्रकाश शुक्ला सहित प्रेम शुक्ला, देवेंद्र पांडे 'सोनू', सूर्यभान शुक्ला एवं विद्यालय परिवार की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया. विद्यार्थियों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाईं.